चिंता

दूषित पेयजल का कारण नाले-नालियों के बीच से निकली पाइप लाइन

स्वच्छ पेयजल का दावा हुआ हवा, अब भी गंदगी से गुजरती लाइनें

जबलपुर, नवभारत। प्रदेश के इंदौर में हुए दूषित पेयजल कांड को अब लगभग एक पखवाड़े का समय हो चुका है। लेकिन अभी भी वहां दूषित पेयजल पीने वाले लोगों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बात करे अगर जबलपुर शहर की तो यहां भी पेयजल की व्यवस्था गंभीर बदइंतजामी का शिकार हो चुकी है। जिन पाइपलाइनों से लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी पहुंचना चाहिए, वही लाइनें अभी भी गंदे नालों और नालियों के भीतर से होकर गुजर रही हैं। जिसपर प्रशासन भी अब सुस्त गति से कार्य कर रहा है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि वर्षों से इन पाइपलाइनों की समुचित जांच क्यों नहीं की गई, और इन्हें बदलने की कोई ठोस योजना क्यों नहीं बनाई गई। जानकारी के अनुसार स्नेहनगर, रांझी, दमोहनाका, गढ़ाफाटक सहित कई इलाकों में नालों के भीतर से गुजरती

जलापूर्ति लाइनें लोगों की सेहत के लिए खतरा बन चुकी है। यहां घर-घर में लोग पेट और त्वचा की बीमारी से परेशान हैं।

फेल हुए थे सैम्पल

शहर के कई इलाकों में जल जनित बीमारी टाइफाइड, आंतों में सूजन, उल्टी-दस्त के केस लगातार सामने आने पर सात साल पहले एक संगठन ने कई इलाकों में लोगों के घरों से पानी के 500 सैम्पल की जांच की तो 90 प्रतिशत फेल हो गए थे। जिसे संगठन के प्रतिनिधि व कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कि सभी वार्डों से सैम्पलिंग कराई गई थी। ज्यादातर जगह दूषित पानी मिला था। फिर भी शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का दावा सभी जिम्मेदार कर रहे हैं। लेकिन, असल बात यह है कि कई इलाकों में घरों में मटमैला, दुर्गंध युक्त पानी आ रहा है। कई उच्च स्तरीय टंकियों की छह महीने से लेकर एक साल से सफाई नहीं की गई है। शहर में 65 टंकियों से जलापूर्ति की जाती है, जिन्हें भरने से पहले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट हो रहा है, फिर पानी की गुणवत्ता जांच भी की जाती है। लेकिन, पाइप लाइन से होकर घरों में कैसा पानी पहुंच रहा है, इसकी कोई गारंटी नहीं है। अफसरों को भी नहीं पता कि वह पानी किस हद तक प्रदूषित है।

युद्ध स्तर पर चल रहा है मरम्मत का कार्य

नाले, नालियों के बीच से होकर गुजरी पानी लाइनों पर निगम के जिम्मेदारों का कहना है कि इनका सुधार कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कोतवाली टैंक में तकनीकी सुधार का काम किया गया है। जल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डक फूट बेंड बदला गया है। अगर कही टंकी से जलापूर्ति प्रभावित होने पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। निगम के जल विभाग ने हाल ही में गढ़ा, कछपुरा, गोरखपुर, रामपुर, गोल बाजार, विजय नगर, घमापुर समेत कई और इलाकों से जांच के लिए पानी के 80 सैम्पल जुटाए थे। जिम्मेदारों ने बताया कि प्रतिदिन पानी की सैम्पलिंग शुरू कर दी गई है। वही निगमायुक्त ने जल विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है।

फैक्ट फाइल

शहर का जलापूर्ति सिस्टम

- 120 एमएलडी रमनगरा प्लांट
- 70 एमएलडी रांझी व भोंगाद्वार प्लांट
- 55,42 एमएलडी ललपुर प्लांट
- 1 लाख 72 हजार नल कनेक्शन हैं नगर में
- 1100 ट्यूबवेल हैं निगम के
- 13 लाख लीटर के लगभग टैंकरों से होती है जलापूर्ति
- 134 ली. प्रति व्यक्ति प्रतिदिन जलापूर्ति का दावा

इनका कहना है

खराब हो चुकी पाइप लाइनों को चिन्हित कर सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही परिणाम सामने आएंगे।

कमलेश श्रीवास्तव
कार्य. यंत्री, नगर निगम

शोहदे से परेशान किशोरी ने किया सुसाइड, भड़का आक्रोश

गुस्साएं परिजनों ने थाने के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

हंगामे के बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत बल्हवारा में शोहदे से परेशान होकर एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीएम के बाद शनिवार को जब शव घर पहुंचा तो आक्रोश भड़क गया। गुस्साएं परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर थाने के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। आरोपी पर कार्यवाही और एफआईआर समेत उसकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन माने और शव यात्रा अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुई। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उकसाने समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

क्या है मामला

पुलिस के मुताबिक प्रमोद पटेल 41 वर्ष निवासी ग्राम बल्हवारा ने सूचना दी कि वे मजदूरी करने जबलपुर के लिये निकला था घर पर मां शशि बाई

एवं बेटी तनु पटेल थी, उसे पत्नि लक्ष्मी बाई पटेल ने मोबाईल पर बताया कि तनु ने घर के अदर लकडी की बल्ली में साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम किया था।

डेढ़ माह से कर रहा था परेशान

टीआई अनिल पटेल ने बताया कि परिजनों का आरोप है कि प्रिंस पटेल गाड़रखेड़ा का किशोरी को लगभग डेढ़ माह से परेशान कर रहा था। स्कूल आते जाते और फोन पर कॉल कर उसे लगातार परेशान कर रहा था।

प्रताड़ित कर दबाव बना रहा था जिससे बालिका परेशान हो गई थी इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

प्रदर्शन कर रहे परिजनों का आरोप है कि पुलिस को प्रिंस के खिलाफ शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की जिसके चलते आरोपी के हौंसले बुलंद हो गए थे। अगर पुलिस समय पर कार्रवाई कर देती तो शायद उनकी बेटी दुनिया को अलविदा नहीं कहती। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी, जनप्रतिनिधियों ने किया बहिष्कार

जिला पंचायत संचार समिति की बैठक स्थगित

नवभारत, जबलपुर। जिला पंचायत जबलपुर में शुक्रवार को आयोजित जिला पंचायत संचार समिति की बैठक अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। तय समय पर संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे, जिससे नाराज समिति सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। जिला पंचायत सदस्य एवं संचार समिति के सभापति ठाकुर सतेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण बैठक

औपचारिक रूप से शुरू ही नहीं हो सकी। इससे जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा अधूरी रह गई। बैठक का बहिष्कार करते हुए सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी यही स्थिति बनी रही तो मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की जाएगी। पूर्व सूचना के बावजूद अधिकारियों का न पहुंचना प्रशासनिक अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

महत्वपूर्ण एजेंडे पर होनी थी चर्चा

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की संचार व्यवस्थाएं, योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, विभागीय समन्वय और जनता से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाना था। समिति सदस्य समय पर पहुंचे, लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं हुए।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल

समिति सदस्यों ने अधिकारियों की इस उदासीनता को जनप्रतिनिधियों के सम्मान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ बताया। उनका कहना था कि बैठकों को केवल औपचारिकता बनाकर रखा जा रहा है, जबकि जमीनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की सक्रिय भूमिका जरूरी है।

उपवास रखकर कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

दूषित पानी की सप्लाई के विरोध में कांग्रेस ने शुरू किया आंदोलन

नवभारत, जबलपुर। शहर में अधिकांश इलाकों में नगर निगम जबलपुर द्वारा दूषित/जहरीले पानी की सप्लाई करने के आरोपों के साथ जनहित में कांग्रेस ने शनिवार से आंदोलन शुरू कर दिया है। शनिवार को आंदोलन की शुरूआत नगर निगम मुख्यालय के सामने दिए गए धरना प्रदर्शन के साथ हुई। इस दौरान कांग्रेसियों ने इंदौर के भागीरथपुरा में कई लोगों की दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर एक दिन का उपवास रखा और नगर निगम प्रशासन व नगर सत्ता के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए

कहा कि जल्द ही वे होश में आ जाएं नहीं हो आने वाली स्थिति ठीक नहीं होगी। नगर निगम के जिम्मेदारों को जगाने के लिए कांग्रेसियों द्वारा शनिवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। यह उपवास प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा के अनुसार 18 जनवरी से नगर निगम के सामने रोज़ाना धरना एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सौरभ नाटी शर्मा ,अध्यक्ष, कांग्रेस ने कहा कि 'नगर निगम की लापरवाही के कारण जबलपुर की जनता दूषित और जहरीला पानी पीने को मजबूर है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि पीने का स्वच्छ पानी जनता का अधिकार है। नगर निगम इस जिम्मेदारी में असफल रहा है। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। उपवास कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया, प्रवेंद्र चौहान ,भारत पटेल,राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, कदीर सोनी, सम्मति सैनी ,सतीश तिवारी संतोष दुबे पंडा ,अयोध्या तिवारी, अतुल बाजपेई, याकूब अंसारी, वकील अंसारी, अख्तर अंसारी, मनीष चंसोरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

ऐसा रहेगा प्रदर्शन का कार्यक्रम

नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि 18 जनवरी-सेवादल, 19 जनवरी-युवक कांग्रेस, 20 जनवरी-एनएसयूआई, 21 जनवरी -महिला कांग्रेस, 22 जनवरी-पिछड़ा वर्ग विभाग, 23 जनवरी-एस.टी. विभाग, 24 जनवरी -अल्पसंख्यक विभाग, 25 जनवरी-पूर्व विधानसभा, 26 जनवरी-कैंट विधानसभा, 27 जनवरी-उत्तर विधानसभा, 28 जनवरी-पश्चिम विधानसभा, 29 जनवरी-पूर्व पार्षद कांग्रेस, 30 जनवरी-विभिन्न प्रकोष्ठ द्वारा धरना दिया जाएगा। 31 जनवरी को मानव श्रृंखला और 1 फरवरी को मशाल जुलूस निकाला जायेगा।

कांग्रेसी विधायक का पुतला दहन कर जताया आक्रोश

नवभारत, जबलपुर। कांग्रेस के विधायक फूलसिंह बरैया द्वारा महिलाओं के लिए दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा जबलपुर महानगर द्वारा मालवीय चौक पर पुतला दहन किया गया। इस मौके पर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी विधायक फूलसिंह बरैया का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा नेत्रियों-कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

थमने का नाम नहीं ले रहा अधिवक्ता मारपीट का मामला

नोटिस जारी कर दिया 15 दिन का समय

जबलपुर, नवभारत। मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ ने वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। संघ ने उनसे पूछा है कि क्यों न उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाए और उनकी सनद निरस्त करने हेतु मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद को पत्र लिखा जाए। नोटिस के अनुसार, सीनियर एडवोकेट रामेश्वर सिंह ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने अधिवक्ता संघ के विरुद्ध झूठे और निराधार आरोप लगाए हैं। पत्र में उल्लेख है कि ठाकुर ने मुख्य न्यायमूर्ति की अदालत में मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अधिवक्ता कल्याण संघ के लेटरपैड पर एक पत्र पेश किया। इसमें दावा किया गया कि ग्वालियर के अधिवक्ता अनिल मिश्रा को 13 जनवरी 2026 को अधिवक्ता संघ द्वारा आमंत्रित किया गया था, जबकि संघ के अनुसार यह पूरी तरह असत्य है। आरोप है कि उनके बयानों और मीडिया में किए गए प्रचार से अधिवक्ता समुदाय के बीच जातीय वैमनस्यता पैदा हुई है, जो एक सीनियर एडवोकेट की गरिमा के प्रतिकूल है। नोटिस में स्पष्ट किया गया कि 13 जनवरी की जिस घटना में सचिव पारितोष त्रिवेदी, निखिल तिवारी और डिप्टी एडवोकेट जनरल विवेक शर्मा की उपस्थिति का दावा किया गया था, वह सीसीटीवी फुटेज में गलत पाया गया है। वे तीनों घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं थे। यह नोटिस मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, जिला अधिवक्ता संघ और हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की 16 जनवरी को हुई संयुक्त बैठक में लिए गए सर्वसम्मति के निर्णय के बाद जारी किया गया है।

नर्मदा नदी में उतराती मिली युवक की लाश

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत स्वर्गद्वारी से सरस्वतीघाट के बीच एक युवक की लाश उतराती मिली। युवक किसी हादसे का शिकार हुआ है या उसने आत्महत्या की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच रही है। पुलिस के मुताबिक देवा पिता डब्बल प्रसाद बर्मन 38 वर्ष निवासी भेडाघाट ने सूचना दी कि वे नाव चलाने का काम करता है। दोपहर में नाव में दर्शकों को बैठाकर बंदर कूदनी तरफ घुमाने ले गया था तभी उसकी नजर स्वर्गद्वारी के पास पड़ी तो नर्मदा नदी में एक अज्ञात पुरूष का उतराता मिला। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 होगी।

शादी के 15 दिन बाद से महिला स्वास्थ्य अधिकारी को देते रहे प्रताड़ना

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत ब्राम्हण मोहल्ला पुरवा में रहने वाली महिला स्वास्थ्य अधिकारी को शादी के 15 दिन बाद से ही दहेज लोभी प्रताड़ित करने लगे थे। दहेज में कार की डिमांड कर 5 लाख 50 हजार रूपये लेने के बाद भी शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। तंग आकर पीड़िता ने अब दहेज लोभी पति, ससुर सास, देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।पुलिस ने बताया कि श्रीमती स्वाती तिवारी 35 वर्ष निवासी ब्राम्हण मोहल्ला पुरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सिहोरा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ है उसकी शादी 27 जनवरी 24 को गोरखपुर निवासी रिषीकांत तिवारी से सामाजिक रीति रिवाज से हुयी थी शादी में मायके वालों ने नगदी, सोने के गहने एवं गृहस्थी का सामान दिये शादी के लगभग 15-20 दिन बाद से ही उसकी ससुराल वाले दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे दहेज में कार की मांग करते हैं, उसने सैलरी से 5 लाख 50 हजार रूपये 6 सितंबर 24 को चैक के माध्यम से ससुराल वालों को दिये थे उसके बाद भी ससुराल वालों में कोई सुधार नहीं आया व लगाकर उसे शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

इंजीनियर के सूने घर से जेवर, नगदी ले गए चोर

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत हृदयनगर में रहने वाले गोसलपुर रेल्वे स्टेशन में पदसी सीनियर सेक्सन इंजीनियर के सूने घर पर चोरों ने धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी रूपए पार कर दिए। पुलिस ने शनिवार को रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को विनय झारिया 36 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोसलपुर रेल्वे स्टेशन में सीनियर सेक्सन इंजीनियर के पद पर पदस्थ है, गोसलपुर के आशू सोनी के हृदयनगर रोड पर स्थित मकान में किराये से परिवार सहित रहता है उसकी पत्नि की डिलेवरी रेल्वे अस्पताल जबलपुर में हुई है इसलिये 3 जनवरी से वही पर था। शुक्रवार देर रात्रि घर आकर देखा तो मेन गेट की राड कटी हुई थी एवं अंदर के कमरे के दरवाजा का एल ड्राप कटा हुआ था और अंदर की अलमारी के दरवाजे लाक टूटे हुये थे सामान पूरा बिखरा पड़ा था घर की अलमारी में रखा सोने चांदी के जेवरात, नगद 60 हजार रूपये एवं टेबिल में रखा एचपी-कंपनी का लेपटाप गायब था।

मंदिर से दान पेटी चोरी गई

लार्डगंज थाना अंतर्गत आगा चौक स्थित हनुमान मंदिर में चोर ने धावा बोलते हुए दान पेटी पार कर दी। वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के मुताबिक आगा चौक में श्रीराम हनुमान मंदिर है। शुक्रवार एवं शनिवार की दरम्यिानी रात्रि करीब 2:54 बजे चोर घुसा और दानपेटी को लेकर बाहर निकला इसके बाद नीले रंग के ऑटो में दान पेटी को रखा और रद्दी चौकी तरफ फरार हो गया।

होटल में लूटी युवती की अस्मत

जबलपुर। गढ़ा स्थित एक होटल में युवक ने युवती की अस्मत लूटी। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वे वादे से मुकर गया जिसके बाद पीड़िता थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक कोतवाली निवासी 23 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे एक दुकान में काम करती है साथ में नया मोहल्ला ओमती निवासी गौरव जायसवाल भी काम करता है। गौरव शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा।

आरक्षक-पॉयलट ने बचाई जान

बेरोजगारी से परेशान युवक तालाब में कूदा

जबलपुर। हनुमानताल तालाब में आत्महत्या करने के इरादे से एक युवक ने छलांग लगा दी। गनीमत रही कि समय रहते वहां मौजूद आरक्षक एवं एफआरव्ही के पॉयलट ने स्थानीयजनों की मदद से युवक को बाहर निकाल कर उसकी जान बचा ली गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि युवक ने बेरोजगारी से परेशान होकर यह कदम उठाया था। जानकारी के

मुताबिक शनिवार को हनुमानताल तालाब में भरत कुमार सोंधिया 37 वर्ष निवासी मदन महल काली मठ रोड का पहुंचा और अचानक कूद गया। समय रहते प्रधान आरक्षक सुरेश उईके व एफआरवी पायलट आकाश माँझी नो आमजन की सहायता से तालाब से युवक को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाषचंद बघेल ने बताया कि आत्मघाती कदम उठाने के पीछे क्या कारण जब युवक से पूछा गया तो यह बात सामने आई कि बेरोजगारी के चलते वे तनाव में था और इसकी के चलते उसने यह कदम उठाया है। युवक को समझाईश दी गयी साथ ही दुबारा कभी इस प्रकार न करने की हिदायत देते हुये परिजनों के सुपुर्द किया।

प्लॉट की अवैध दीवार ढहाई, ग्वारीघाट में शेड हटाए

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता ने रामपुर चौक पर सड़क पर लगे अस्थाई ठेलों और टपरों को हटायाा। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शनिवार को ग्वारीघाट में दुकानों के बाहर निकले हुए अतिरिक्त शेड को हटाया गया, जिससे पैदल चलने वालों के लिए अधिक जगह बनी। वहीं ग्रेनेड चौक से तैयब अली चौक, तीन पत्ती, मालवीय चौक और सिविक सेंटर जैसे क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया। वहीं एस.डी.एम. और अतिक्रमण दल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गंगा नगर गढ़ा में एक प्लॉट की अवैध बाउंड्री वॉल को ढहा दिया। इसके साथ ही दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में चल रहे अनधिकृत काम को रुकवाकर निर्माण सामग्री जप्त की गई।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण

प्रशासन ने न केवल अतिक्रमण हटाया, बल्कि जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई। सी.एम. हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर निराकरण कर संबंधित नागरिकों को सूचित किया गया, जिससे आम जनता ने राहत की सांस ली है।

कार्यवाही के समय दल प्रभारी वीरेंद्र मिश्राख् कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अंकित पारस, नदीम अहमद खान, बृज किशोर तिवारी आदि उपस्थित रहे।